भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2371** जिसका उत्तर

सोमवार**, 9** अगस्त**,** 2021 (18 **श्रावण** 1943 (शक)) को दिया जाना है

आईएमओ के सदस्य राष्ट्रों की बैठक

2371. श्रीमती फूलो देवी नेतम :

क्या **पत्तन**, **पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इंटरनेशनल मेरीटाइम आर्गेनाइजेशन के सदस्य देशों की बैठकों में भाग लेने के लिए एक शिष्टमंडल को अनुमोदित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) वर्ष 2014 से अब तक आईएमओ के समक्ष भारतीय शिष्टमंडल द्वारा की गई प्रस्तुतियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): जी, हां। अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) अपनी सभा और परिषद, तथा विधायी समिति, समुद्री सुरक्षा समिति, समुद्री पर्यावरण संरक्षण समिति, समुद्री यातायात सुविधा समिति तथा तकनीकी सहयोग समिति जैसी विभिन्न समितियों और उनकी विभिन्न उप-समितियों के तत्वावधान के तहत समुद्री क्षेत्र पर प्रभाव डालने वाली विभिन्न विषय वस्तुओं पर बैठकें आयोजित करता है। तदनुसार, विषय वस्तु की विशेषज्ञता, जैसा कि विशिष्ट बैठकों के लिए यथा आवश्यक हो, के आधार पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल की संरचना का समय-समय पर निर्धारण किया जाता है। भारत, आईएमओ की बैठकों में नियमित रूप से भाग लेता है। तथापि, वर्ष 2020 से तथा इस वर्ष भी कोविड महामारी के

दौरान, आईएमओ की बैठकें सुदूर पद्धति से आयोजित की जा रही हैं और भारतीय प्रतिनिधिमंडल इनमें ऑनलाइन भाग ले रहा है।

(ग): भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा वर्ष 2014 से अब तक आईएमओ को प्रस्तुत किए गए विभिन्न पेपर्स की सूची **अनुबंध-1** में संलग्न है।

*****

अनुबंध-1

वर्ष 2014 से 2021 (आज की तारीख तक) भारतीय प्रतिनिधि मंडलों द्वारा आईएमओ को की गई प्रस्तुतियों का विवरण

एमईपीसी सत्र में भारत के सभी पेपर

क्र. सं.	प्रलेख संख्या	प्रस्तुतकर्ता	प्रस्तुत करने की तारीख	कार्यसूची मद	कार्यसूची का सारांश
एमईपीसी 66		**2014**			
1	एमईपीसी66/आईए नएफ.17	भारत	26 दिसंबर 2013	बैलास्ट वॉटर में हानिप्रद जलीय जीव	बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के अनुपालन में क्षेत्रीय और तटीय पोतों हेतु व्यावहारिक विकल्प के तौर पर पत्तन-आधारित मोबाइल बैलास्ट वॉटर ट्रीटमेन्ट फैसिलिटीज (बीडब्ल्यूटी बोट्स) की उपयुक्तता. भारत द्वारा प्रस्तुत एमईपीसी 66/2/8 को प्रलेखित करने के लिए सहयोगी प्रलेख के रूप में यह प्रलेख प्रस्तुत है और इसमें एक अन्य तरीके यानी विनियम बी-3.7 के अंतर्गत पोर्ट-बेस्ड मोबाइल बैलास्ट वॉटर ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी (बीडब्ल्यूटी बोट) के सैद्धांतिक अनुमोदन हेतु एक आवेदन निहित है। इस प्रस्तुति में क्षेत्रीय और तटीय पोतों हेतु बैलास्ट वॉटर प्रबंधन के व्यावहारिक विकल्प के रूप में पोर्ट-बेस्ड मोबाइल बैलास्ट वॉटर ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी की उपयुक्तता स्थापित है। इसमें इस संकल्पना के तकनीकी विवरण और पोत की आवाजाही

					का डाटा विश्लेषण दिया गया है, इसमें बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के विनियम बी-3.7 के अनुसरण में बैलास्ट वॉटर प्रबंधन के अन्य तरीकों को अनुमोदित करने हेतु संकल्प एमईपीसी.206 (62) प्रक्रिया के परिच्छेदों 1.1.2 और 2.2.2.5 के अनुपालन में कम लागत, पर्यावरणीय स्वीकार्यता, किफायती और जैविक प्रभावकारिता जैसे उपयुक्तता मानदंडों को समझाया गया है। इस प्रलेख से पत्तन राष्ट्रों को यह मार्गदर्शन भी मिलता है कि क्षेत्रीय और तटीय क्षेत्रों में चलने वाले पोतों हेतु इस दृष्टिकोण को किस तरह से कार्यान्वित किया जाए।
2	एमईपीसी 66/2/8	भारत	26 दिसंबर 2013	बैलास्ट वॉटर में हानिप्रद जलीय जीव	क्षेत्रीय और तटवर्ती व्यापार करने वाले पोतों हेतु बैलास्ट वॉटर प्रबंधन के अन्य तरीकों के रूप में पोर्ट-बेस्ड मोबाइल बैलास्ट वॉटर ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी (बीडब्ल्यूटीबोट) इस प्रलेख में एमईपीसी 65 के दौरान भारत की प्रस्तुति (एमईपीसी 65/2/20) पर उठाए गए मुद्दों पर स्पष्टीकरण दिए गए हैं और यह बताया गया है कि विनियम बी-3.6 के साथ-साथ मार्गदर्शी सिद्धांतों (जी5) के अंतर्गत कवर की गई रिसेप्शन सुविधाओं के विद्यमान प्रावधानों से पोर्ट-बेस्ड मोबाइल बैलास्ट वॉटर ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी (बीडब्ल्यूटीबोट) दृष्टिकोण किस तरह से भिन्न है। इस प्रलेख में मोबाइल बैलास्ट वॉटर ट्रीटमेन्ट फैसिलिटीज के संबंध में विनियामक ढांचे के विवरण भी दिए गए हैं। इस प्रलेख में बीडब्ल्यूएम

					कन्वेन्शन के बी-3.7 के अनुसरण में बीडब्ल्यूटीबोट बोट के अनुमोदन हेतु एक आवेदन भी निहित है।
3	एमईपीसी 66/4/17	अंगोला, अर्जेन्टीना, ब्राजील, चीन, क्यूबा, भारत, मलेशिया, नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका	24 जनवरी 2014	वायु प्रदूषण तथा ऊर्जा दक्षता	''प्रोमोशन ऑफ टैक्नीकल को-ऑपरेशन एन्ड ट्रान्सफर ऑफ टैक्नोलॉजी रिलेटिंग टू द इम्प्रूवमेन्ट ऑफ एनर्जी एफीशिएंसी ऑफ शिप्स''पर एमईपीसी.229(65) संकल्प का कार्यान्वयन। इस प्रलेख में 17 मई 2013 को एमईपीसी 65 द्वारा अपनाए गए, ''प्रोमोशन ऑफ टैक्नीकल को-ऑपरेशन एन्ड ट्रान्सफर ऑफ टैक्नोलॉजी रिलेटिंग टू द इम्प्रूवमेन्ट ऑफ एनर्जी एफीशिएन्सी ऑफ शिप्स''पर संकल्प एमईपीसी.229 (65) को कार्यान्वित करने हेतु एक प्रस्ताव दिया गया है।
एमईपीसी 68		**2015**			
1	**एमईपीसी 68/4/6**	**भारत**	**20 मार्च, 2015**	**अन्तरराष्ट्रीय पोत परिवहन की ऊर्जा दक्षता को बढाने के लिए भावी तकनीकी और प्रचालनात्मक उपाय.**	समुद्रीय परिवहन के सीओ2 उत्सर्जन और ऊर्जा दक्षता पर नजर रखने, इसकी जानकारी प्रदान करने और इसके सत्यापन हेतु भावी यूरोपियन यूनियन प्रणाली पर इस प्रलेख में टिप्पणी दी गई है।
2	**एमईपीसी 68/12/14**	**भारत**	**20 मार्च 2015**	**उप-समितियों की रिपोर्टें**	पीपीआर 2 के निष्कर्ष पर टिप्पणियां बंकर डिलीवरी नोट (विनियम 18.5) में शामिल किए जाने के लिए जानकारी और आईएसओ 4259 की तर्ज पर मारपोल अनुलग्नक 6

					की ईंधन सत्यापन प्रक्रिया का सरलीकरण तथा नमूना लेने के मार्गदर्शी सिद्धांतों का विकास। इस प्रलेख में बंकर डिलीवरी नोट में शामिल की जाने वाली जानकारी के संबंध में पीपीआर2 के निष्कर्ष पर और आईएसओ 4259 की तर्ज पर मारपोल अनुलग्नक 6 ईंधन तेल नमूनों हेतु ईंधन सत्यापन प्रक्रिया के संबंध में टिप्पणियां दी गई हैं।
एमईपीसी 69		**2016**			
1	एमईपीसी 69/4/12	भारत	12 फरवरी, 2016	बैलास्ट वॉटर में हानिप्रद जलीय जीव	अपवादजनक मामलों में कार्गो टैंकों में ऑइल टैंकरों पर ले जाए जा रहे बैलास्ट वॉटर को अपवादजनक रूप से छोडा जाना. इस प्रलेख में यह सिफारिश है कि टैंकरों के कार्गो टैंकों में ले जाए जा रहे अतिरिक्त बैलास्ट वॉटर को छोडा जाना मारपोल अनुलग्नक 1, विनियम 18.3.2 के अनुसार इन्टरनेशनल कन्वेन्शन फॉर द कन्ट्रोल एन्ड मैनेजमेन्ट ऑफ शिप्स बैलास्ट वॉटर एन्ड सेडीमेन्ट्स, 2004 (बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन) के अंतर्गत अपवाद रूपी माना जाए और इसे बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के विनियम बी-3 के तहत न देखा जाए।

2	एमईपीसी 69/आईएनएफ.2112	भारत	फरवरी, 2016	अन्तरराष्ट्रीय पोत परिवहन की ऊर्जा दक्षता को बढाने के लिए भावी तकनीकी और प्रचालनात्मक उपाय.	विद्यमान पोतों की उर्जा दक्षता को निर्धारित करने के लिए परिवहन कार्य मानदंडों के प्रयोग पर एक अध्ययन के निष्कर्ष। इस प्रलेख में विश्वव्यापी व्यापार कार्य में लगे तथा भारतीय ध्वज फहराने वाले 16 ऑइल टैंकरों और सात बल्क कैरियरों की ऊर्जा दक्षता का मूल्यांकन करने के लिए परिवहन कार्य मानदंडों अर्थात् तय की गई दूरी, सेवा के घंटे और टन-समुद्रीय मील के प्रयोग पर आयोजित एक अध्ययन के निष्कर्ष। विद्यमान पोतों हेतु ऊर्जा दक्षता मानक के तौर पर प्रयोग के लिए मुख्य ऊर्जा दक्षता निष्पादन संसूचकों में भारी भिन्नता निष्कर्षों में दर्शाई गई है.
3	एमईपीसी 69/6/4	भारत	12 फरवरी, 2016	अन्तरराष्ट्रीय पोत परिवहन की ऊर्जा दक्षता को बढाने के लिए भावी तकनीकी और प्रचालनात्मक उपाय.	विद्यमान पोतों हेतु प्रचालनात्मक दक्षता मानक स्थापित करने की अव्यवहार्यता इस प्रलेख में, किए गए निश्चित कार्य मानदंडों के आधार पर विद्यमान पोतों के लिए ऊर्जा दक्षता मानक स्थापित करने हेतु प्रयासों से जुडी मुश्किलों पर टिप्पणियां दी गई हैं और यह सुझाया गया है कि तब तक जलयानों के ही ईंधन की खपत संबंधी डाटा एकत्र करने हेतु एक सुदृढ प्रणाली स्थापित की जाए जब तक कि विद्यमान पोतों की ऊर्जा दक्षता को संवर्धित करने के कोई कारगर उपाय पता नहीं चल पाते।

4	एमईपीसी 69/8/2	भारत	25 फरवरी, 2016	मारपोल अनुलग्नक V, कूडा अभिलेख पुस्तक के प्रपत्र में संशोधन.	एमईपीसी 68 और एमईपीसी 65 से मामले आस्थगित किए गए पोत के प्रचालन/अनुरक्षण के दौरान उपजे ई-अपशिष्ट सहित विशेष अपशिष्ट से निपटने और कूडा अभिलेख पुस्तक में इसे प्रविष्ट किए जाने हेतु मारपोल अनुलग्नक V के कार्यान्वयन हेतु 2012 के मार्गदर्शी सिद्धांत।
5	एमईपीसी 69/13/3	भारत	12 फरवरी, 2016	अन्य उप-समितियों की रिपोर्टें	मारपोल अनुलग्नकों I, IV और VI में मसौदा संशोधनों तथा चालक दल रहित एवं स्वत: प्रणोदन रहित (यूएनएसपी) बार्जों को सर्वेक्षण और प्रमाणन अपेक्षाओं से छूट प्रदान करने के संबंध में मसौदा एमईपीसी परिपत्र पर टिप्पणियां। इस प्रलेख में मारपोल के अनुलग्नकों I, IV और VI के मसौदा संशोधनों तथा चालक दल रहित एवं स्वत: प्रणोदन रहित बार्जों को सर्वेक्षण और प्रमाणन अपेक्षाओं से छूट प्रदान करने के संबंध में मसौदा एमईपीसी परिपत्र पर टिप्पणियां दी गई हैं। इस प्रलेख में यह भी सुझाया गया है कि ऐसे पोतों हेतु एकल छूट प्रमाण पत्र में सभी संगत अनुलग्नकों को कवर करने की बजाय अलग-अलग अनुलग्नकों (जैसे कि अनुलग्नक I और अनुलग्नक VI) के अंतर्गत छूट दी जाए।
6	एमईपीसी 69/14/3	भारत	12 फरवरी,	मारपोल तथा	टैंकरों पर आवश्यक स्थायित्व संलेख हेतु अनुमोदन के प्रलेख का

			2016	संबंधित संलेखों के कार्यान्वयन और प्रवर्तन का संवर्धन.	आरूप इस प्रलेख में मारपोल अनुलग्नक I, विनियम 28.6, और आईबीसी संहिता, अध्याय 2, खंड 2.2.6 के आधार पर टैंकरों पर आवश्यक स्थायित्व संलेख हेतु अनुमोदन के प्रलेख का आरूप सुझाया गया है।
एमईपीसी 70		**2016**			
1	**एमईपीसी 70/3/6**	**भारत, लाइबेरिया और मार्शल द्वीप समूह**	**25 अगस्त 2016**	**अनिवार्य संलेखों में संशोधनों पर विचार किया जाना और इनका अंगीकरण।**	ईंधन खपत हेतु डाटा संग्रहण प्रणाली से संबंधित मारपोल अनुलग्नक VI के मसौदा संशोधनों पर टिप्पणियां। इस प्रलेख में प्रस्ताव है कि मसौदा विनियम में ''पंजीकृत स्वामी''के सभी संदर्भ ''कंपनी''से बदल दिए जाएं क्योंकि यह एक विधिक संस्था है जो कि पोत की सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली हेतु उत्तरदायी है जिसका एसईईएमपी एक भाग है। ''कंपनी'' ईंधन की खपत हेतु डाटा संग्रहण प्रणाली के लिए प्रलेखन की प्रक्रिया हेतु उत्तरदायी होगी और इसे यह जिम्मेदारी दी जाएगी कि यह पोत हेतु अनुपालन के वक्तव्य के सत्यापन और अनुरक्षण की व्यवस्था करे।
2	एमईपीसी 70/4/4	भारत	12 जुलाई 2016	बैलास्ट वॉटर में हानिकारक जलीय जीव	उपचारित जल देने वाली सुविधाओं यथा बीडब्ल्यूटीबोट जैसे बैलास्ट वॉटर प्रबंधन के अन्य तरीकों को नियोजित करने, इनका प्रयोग करने और इनके कार्यान्वयन हेतु मसौदा मार्गदर्शी सिद्धांत। इस प्रलेख में प्रलेख एमईपीसी 66/2/8 (भारत) के संदर्भ में बैलास्ट

					वॉटर ट्रीटमेन्ट बोट (बीडब्ल्यूटीबोट) की सुधरी हुई संकल्पना और एमईपीसी 66 द्वारा उठाए गए प्रश्नों पर चर्चा की गई है। उपचारित जल प्रदान करने वाली सुविधा के रूप में बीडब्ल्यूटीबोट के प्रयोग की संभावना को इसमें क्लोरीकरण प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर आधारित पत्तन में बैलास्ट वॉटर के भरे जाने पर ही दर्शाया गया है। भारत को ऐसा लगता है कि विनियम बी-3.7 के अनुसरण में समिति द्वारा सिद्धांत रूप से इस नवीकृत संकल्पना को अनुमोदन मिल जाए और इस हेतु संकल्प एमईपीसी.206 (62) के अनुसरण में अनुलग्नक 1 पर आवेदन संलग्न है। साथ ही, अनुलग्नक 2 में इस पर उपचारित जल प्रदान करने वाली सुविधाओं (यथा बीडब्ल्यूटीबोट) हेतु मसौदा मार्गदर्शी सिद्धांत हैं कि ऐसी स्थितियों से कैसे निपटा जाए जब एमईपीसी 66 द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार, ऐसे पोत पर बीडब्ल्यूटीबोट से बैलास्ट वॉटर भरा गया है किंतु इस पोत की मंशा अन्य बीडब्ल्यूटीबोट या ग्राही सुविधा पर इस जल को छोडने की नहीं है। इस प्रस्तुति से प्रलेख एमईपीसी 66/डब्ल्यूपी.6 के परिच्छेद 15 के संदर्भ में बैलास्ट जल प्रबंधन के वैकल्पिक तरीके के रूप में बीडब्ल्यूटीबोट का प्रयोग करते समय अनुपालन तथा दायित्व के मुद्दे भी प्रकाश में आते हैं।
3	एमईपीसी 70/4/5	भारत	12 जुलाई, 2016	बैलास्ट वॉटर में हानिकारक जलीय जीव	बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के अनुपालन में पोतों हेतु आकस्मिक उपाय. इस प्रलेख में आकस्मिक उपायों के मुद्दे पर बात की गई है और

					मसौदा मार्गदर्शी सिद्धांत हेतु बिंदु दिए गए हैं समिति जिन्हें प्रलेख एमईपीसी 68/डब्ल्यूपी.8 के अनुलग्नक 2 में लिखे अनुसार आगे के रास्ते के तौर पर विकसित करेगी, यानी बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के कार्यान्वयन हेतु रोडमैप बनाएगी। इस प्रलेख में बैलास्ट छोडे जाने के पत्तनों पर पोतों द्वारा अनुपालन न किए जाने के मामलों को निपटाने के भी संभावित व्यावहारिक समाधान बताए गए हैं।
4	एमईपीसी 70/4/15	भारत, आईसीएस, बिमको, इन्टरटैंकों, सीएलआईए, आईपीटीए और डब्ल्यूएससी	19 अगस्त 2016	बैलास्ट वॉटर में हानिकारक जलीय जीव	संशोधित दिशानिर्देशों (जी8) के अनुसरण में अनुमोदित बैलास्ट वॉटर प्रबंधन प्रणालियों को संस्थापित किए जाने के लिए जलयानों को अनुमति के विकल्प। इस प्रलेख में यह कहा गया है कि समिति यह सुनिश्चित करने के लिए सकारात्मक कदम उठा रही है कि संशोधित दिशानिर्देशों (जी8) टाइप अनुमोदन प्रक्रिया के अंतर्गत अनुमोदित प्रकार वाली बैलास्ट वॉटर प्रबंधन प्रणालियां प्रयोजनार्थ उपयुक्त हैं और वे बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के पर्यावरणीय प्रयोजनों पर खरी उतरती हैं तथा इसमें संशोधित दिशानिर्देश (जी8) प्रक्रिया के अंतर्गत अनुमोदित प्रकार वाली बैलास्ट वॉटर प्रबंधन प्रणालियों को संस्थापित करने के लिए जलयानों को अनुमति के विकल्प के प्रस्ताव हैं।
5	एमईपीसी 70/7/4	अंगोला,	19 अगस्त	पोतों से जीएचजी	यह प्रस्ताव, किस तरह से जीएचजी उत्सर्जों को घटाने के प्रयासों में

		ब्राजील, बोलीविया, चीन, इक्वाडोर, भारत, ईरान, दक्षिण अफ्रीका और उरुग्वे.	2016	उत्सर्जनों को घटाना	अन्तरराष्ट्रीय पोत परिवहन का योगदान बढाया जाए, विषय पर है। समुद्रीय परिवहन मांग, दक्षता और ईंधन सहित पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों में कमी लाने के मामले में प्रगति किस तरह से लाई जाए इस पर विचार करते समय मुख्य मुद्दों का समाधान किए जाने की आवश्यकता है। इन विचारों के आधार पर, सह-प्रायोजकों ने अन्तरराष्ट्रीय पोत परिवहन की ऊर्जा दक्षता को और बढाने के लिए रोडमैप विकसित करने हेतु समिति को आमंत्रित किया है।
6	एमईपीसी 70/15	भारत	12 जुलाई 2016	समिति और अनुषंगी निकायों का कार्य संबंधी कार्यक्रम	टैंकरों पर आवश्यक स्थायित्व संलेखों संबंधी नए आउटपुट के लिए प्रस्ताव। इस प्रलेख में टैंकरों पर आवश्यक स्थायित्व संलेखों के संबंध में नए आउटपुट का प्रस्ताव है।
7	एमईपीसी 70/15/6	भारत, यूनाइटेड स्टेट्स और आईएसीएस	19 अगस्त 2016	समिति और अनुषंगी निकायों का कार्य संबंधी कार्यक्रम	आईएसीएस यूआईज को और आगे बढाने तथा एमईपीसी.260 (68) संकल्प द्वारा यथा संशोधित, सेलेक्टिव कैटेलायटिक रिडक्शन (एससीआर) प्रणालियों (संकल्प एमईपीसी. 198 (62) वाले समुद्री डीजल इंजनों के संबंध में विशेष आवश्यकताओं संबंधी एनओएक्स तकनीकी कोड 2008 के अतिरिक्त पहलुओं का समाधान करते हुए 2011 दिशानिर्देशों में संभव संशोधन। यह प्रलेख पीपीआर उप-समिति के अपने तीसरे सत्र (पीपीआर 3/22,

					अनुलग्नक 8) द्वारा प्रस्तावित कार्य संबंधी नए कार्यक्रम हेतु औचित्य का अनुपूरक है।
8	एमईपीसी 70/17/8	भारत	19 अगस्त, 2016	कोई अन्य कार्य	पोत के प्रचालन / अनुरक्षण के दौरान जनित ''ई- अपशिष्ट'' से निपटने के लिए मारपोल अनुलग्नक V के कार्यान्वयन हेतु 2012 दिशानिर्देश। ''ई- अपशिष्ट'' की परिभाषा इस प्रलेख में ''ई-अपशिष्ट'' की परिभाषा सुझाई गई है।
9	एमईपीसी 70/17/8/सीओआर आर.1	भारत	31 अगस्त, 2016	कोई अन्य कार्य	पोत के प्रचालन / अनुरक्षण के दौरान उपजे ''ई-अपशिष्ट'' से निपटने हेतु मारपोल अनुलग्नक V को कार्यान्वित करने के लिए 2012 दिशानिर्देश। ''ई-अपशिष्ट'' की परिभाषा शुद्धि पत्र
एमईपीसी 71		**2017**			
1	एमईपीसी 71/14/3	भारत	30 मार्च 2017	समिति और अनुषंगी निकायों का कार्य संबंधी कार्यक्रम	मारपोल अनुलग्नक IV में दिए अनुसार ''व्यक्ति'' की परिभाषा को संशोधित करने के लिए नए आउटपुट हेतु प्रस्ताव इस प्रलेख में इस बात पर विचार करते हुए मारपोल अनुलग्नक IV

					के विनियम 1 में दिए अनुसार ''व्यक्ति'' की परिभाषा को संशोधित करने हेतु एक नये आउटपुट का प्रस्ताव है कि कर्मीदल और यात्रियों के अलावा व्यक्तियों की श्रेणियां आईएमओ संलेखों में भी दी गई हैं।
2	एमईपीसी 71/7	चीन और भारत	31 मार्च 2017	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाना	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाने पर व्यापक आईएमओ कार्यनीति को विकसित करने का प्रस्ताव कार्यनीति लंबे समय तक चलने वाली हो, संतुलित और आत्मविश्वास प्रदान करने वाली हो। यह प्रस्ताव है कि आईएमओ कार्यनीति में ऊपर-नीचे और नीचे-ऊपर दोनो ही घटक निहित हों, इसे पैरिस समझौते के अनुभव से लिया गया है। अनुवर्ती रूप से, इस प्रलेख में आईएमओ कार्यनीति और इसके संभावित तत्वों हेतु एक ढांचा बनाकर लाया गया है।
3	एमईपीसी 71/16/3	भारत	30 मार्च 2017	कोई अन्य कार्य	हॉग कॉग इन्टरनेशनल कन्वेन्शन फॉर द सेफ एन्ड एनवायरमेन्टली साउन्ड रिसाइकिलिंग ऑफ शिप्स बाई इन्डियन (अलंग) शिप रिसाइकिलिंग यार्ड के अनुपालन की स्थिति इस प्रलेख में हॉग कॉग इन्टरनेशनल कन्वेन्शन फॉर द सेफ एन्ड एनवायरमेन्टली साउन्ड रिसाइकिलिंग ऑफ शिप्स बाई इन्डियन (अलंग) शिप रिसाइकिलिंग यार्ड के अनुपालन की स्थिति दी गई है।

4	एमईपीसी 71/4/12	ब्राजील, द कुक द्वीप समूह, भारत, लाइबेरिया, नॉर्वे और यूनाइटेड किंगडम	19 अप्रैल 2017	बैलास्ट वॉटर में हानिकारक जलीय जीव	बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के विनियम बी-3 के संशोधन हेतु एक व्यापक प्रस्ताव इस प्रलेख में बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के विनियम बी-3 के संशोधन के संबंध में समझौता समाधान विकसित करने के लिए एमईपीसी 70 द्वारा दिए गए आमंत्रण का उत्तर है। समझौते का प्रस्ताव एमईपीसी 69 में गत सहमति विकल्प और प्रलेख एमईपीसी 70 / डब्ल्यूपी.12 में एमईपीसी 70 में प्रस्तुत वैकल्पिक संशोधन पर बना। सह-प्रायोजक ने इस प्रलेख को इसलिए प्रस्तुत किया है ताकि समिति को ऐसा समाधान करने में सहायता मिले जो कि सबके द्वारा स्वीकार्य हो।
5	एमईपीसी 71/5/15	चीन, भारत और रूसी फेडरेशन	28 अप्रैल 2017	वायु प्रदूषण और ऊर्जा दक्षता	मारपोल अनुलग्नक VI प्रावधानों का दक्षतापूर्ण कार्यान्वयन इस प्रलेख में मारपोल अनुलग्नक VI प्रावधानों के कार्यान्वयन से संबंधित स्थिति के विश्लेषण और पोत उत्सर्जनों से पर्यावरणीय संरक्षण को बढाने पर मसौदा आईएमओ असेम्बली संकल्प तथा उक्त अनुलग्नक का अनुपालन निहित है।
6	एमईपीसी 71/4/25	भारत	28 अप्रैल 2017	बैलास्ट वॉटर में हानिकारक जलीय जीव	बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के अंतर्गत आकस्मिक उपायों पर मार्गदर्शन हेतु मसौदे का पाठ

					प्रलेख एमईपीसी 70/डब्ल्यूपी.10 के अनुलग्नक 2 में दी गई रूपरेखा तथा संगत विषयों को दृष्टिगत रखते हुए एमईपीसी 71, के बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के अंतर्गत आकस्मिक उपायों पर मार्गदर्शन हेतु मसौदा पाठ की प्रस्तुतियों के संबंध में एमईपीसी 70 (एमईपीसी 70/18) की रिपोर्ट के परिच्छेद 4.52 के अनुसार समिति द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसरण में यह प्रलेख प्रस्तुत किया गया है। यह प्रलेख आकस्मिक उपायों का प्रयोग करने के लिए पोतों हेतु की गई सिफारिश अन्तरराष्ट्रीय बैलास्ट संबंध को वर्णित करने वाले एमईपीसी 71/4/26 प्रलेख के साथ भी देखा जाए।
7	एमईपीसी 71/9/6	ब्राजील और भारत	28 अप्रैल 2017	प्रदूषण की रोकथाम और प्रत्युत्तर	मारपोल अनुलग्नक VI के विनियम 14.1.3 का सतत कार्यान्वयन इस प्रलेख में पीपीआर 4 द्वारा प्रस्तावित 0.5 प्रतिशत सल्फर नियम के सतत कार्यान्वयन हेतु औचित्य के प्रारूप तथा नए आउटपुट के दायरे पर टिप्पणियां निहित हैं और परिवर्तित हो रही योजनाओं को कारगर बनाने के लिए अपेक्षित ईंधन की उपलब्धता के संबंध में डाटा एकत्र करने हेतु उपायों को शामिल करने की बात सुझाई गई है।
8	एमईपीसी 71/7/6	अर्जेन्टीना, ब्राजील, चीन, इक्वाडोर,	28 अप्रैल 2017	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाना	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाने पर आईएमओर कायर्नीति हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत

		भारत, नाइजीरिया, सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की			इस प्रलेख में पोतों से जीएचजी उत्सर्जन में कमी लाने पर आईएमओ कार्यनीति हेतु मार्गदर्शी सिद्धांतों का प्रस्ताव है।
9	एमईपीसी 71/4/26	भारत	28 अप्रैल 2017	बैलास्ट वॉटर में हानिकारक जलीय जीव	इन्टरनेशनल बैलास्ट कनैक्शन यह प्रलेख इसलिए तैयार किया गया है ताकि बीडब्ल्यूएम कन्वेन्शन के अंतर्गत बैलास्ट वॉटर ग्रहण करने वाली सुविधाओं (जी5) हेतु दिशानिर्देशों के परिच्छेद 7.4 में संस्तुत मानक संबंधों के साथ-साथ आकस्मिक उपायों के रूप में पत्तन-स्थित उपचारों से संबधित एमईपीसी 70/डब्ल्यूपी.10 प्रलेख के अनुलग्नक 2 में दिए संगत विषयों में से एक पर भी और प्रकाश डाला जा सके। भारत की संस्तुति है कि पोत और पोत-स्थित सुविधाओं के बीच अंतराफलक (इन्टरफेस) एक सा हो जिसका मानक व्यास 6 या 8 इन्च का हो। आकस्मिक उपायों हेतु मार्गदर्शी सिद्धांतों का प्रारूप बनाते समय प्रलेख एमईपीसी 71/4/25 के साथ इस प्रलेख को भी पढा जाए।
10	एमईपीसी 71/9/6/सीओआर आर. 1	ब्राजील और भारत	8 मई 2017	प्रदूषण की रोकथाम और प्रत्युत्तर	मारपोल अनुलगनक VI के विनियम 14.1.3 का सतत कार्यान्वयन शुद्धि पत्र

एमईपीसी 73		**2018**			
1	एमईपीसी 73/11/2	भारत, मार्शल द्वीप समूह, यूनाइटेड स्टेट्स और आईएसीएस	20 अगस्त 2018	प्रदूषण रोकथाम और प्रत्युत्तर	फ्लोटिंग प्रोडक्शन, स्टोरेज और ऑफलोडिंग फैसिलिटीज (एफपीएसओ) और फ्लोटिंग स्टोरज यूनिटों (एफएसयू) हेतु अपेक्षाओं वाले मारपोल अनुलग्नक 1 को लागू करने के लिए प्रारूप 2018 दिशानिर्देशों पर टिप्पणियां इस प्रलेख में फ्लोटिंग प्रोडक्शन, स्टोरेज और ऑफलोडिंग फैसिलिटीज (एफपीएसओ) और फ्लोटिंग स्टोरज यूनिटों (एफएसयू) हेतु अपेक्षाओं वाले मारपोल अनुलग्नक 1 को लागू करने के लिए मसौदा 2018 दिशानिर्देशों पर टिप्पणियां दी गई हैं
2	एमईपीसी 73/8/5	भारत	16 अगस्त 2018	पोतों जनित समुद्री प्लास्टिक कचरे का समाधान करने के लिए एक कार्य योजना को विकसित किया जाना	पोतों जनित प्लास्टिक के कचरे को न्यूनतम करने के लिए आईएमओ कार्य योजना में शामिल किए जाने हेतु इनपुट और प्रस्ताव एमईपीसी 72 द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार, इस प्रलेख में कुछ बहुमूल्य प्रस्ताव दिए गए हैं, जिन पर प्लास्टिक के कचरे, खासतौर पर पतले गेज वाले प्लास्टिक के बैग और मछली पकडने के जाल के कारण पोतों से समुद्र में प्रदूषण को न्यूनतम करने, की कार्य योजना बनाते समय विचार किया जाए। अनुलग्नक में प्लास्टिक के कचरे के संबंध में पत्तन ग्राही सुविधाओं (पीआरएफ)

					की बताई गई अपर्याप्तताओं के संबंध में जीआईएसआईएस में उपलब्ध डाटा का विश्लेषण दिया गया है.
3	एमईपीसी 73/6/3	भारत और आईएसीएस	17 अगस्त 2018	अन्तरराष्ट्रीय पोत परिवहन की ऊर्जा दक्षता को बढाने हेतु भावी तकनीकी और प्रचालनात्मक उपाय	पोतों पर ईंधन तेल की खपत हेतु डाटा संग्रहण प्रणाली का कार्यान्वयन इस प्रलेख में पोतों के ईंधन तेल की खपत हेतु डाटा संग्रहण प्रणाली से संबंधित मारपोल अनुलग्नक VI के अध्याय 4 में दी गई अपेक्षाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई है।
4	एमईपीसी 73/5/12	भारत आईपीटीए और आईबीआईए	30 अगस्त, 2018	वायु प्रदूषण और ऊर्जा दक्षता	2020 हेतु पोत कार्यान्वयन योजना पर मार्गदर्शन के विकास से संबंधित मारपोल अनुलग्नक VI के विनियम 14.1.3 के सतत कार्यान्वयन पर अन्तरसत्रीय बैठक का निष्कर्ष इस प्रलेख में ईंधन प्रणाली के गर्म होने की व्यवस्थाओं के संबंध में मारपोल अनुलग्नक VI के विनियम 14.1.3 के सतत कार्यान्वयन पर अन्तरसत्रीय बैठक द्वारा तैयार किए गए मारपोल अनुलग्नक VI के अंतर्गत 0.50 प्रतिशत सल्फर की सीमा को सतत रूप से कार्यान्वित करने हेतु पोत कार्यान्वयन योजना को विकसित करने पर मसौदा दिशानिर्देशों में परिशिष्ट 2 के पाठ को जोडे जाने का प्रस्ताव किया गया।

5	एमईपीसी 73/7/10	अर्जेन्टीना, ब्राजील, चीन, भारत, इन्डोनेशिया और फिलीपीन्स	31 अगस्त 2018	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाना	चौथे आईएमओ जीएचजी अध्ययन हेतु तैयारी पर प्रलेख एमईपीसी 73/7 संबंधी टिप्पणियां इस प्रलेख में चौथे आईएमओ जीएचजी अध्ययन हेतु तैयारी पर एमईपीसी 73/7 के प्रलेखन संबंधी टिप्पणियां दी गई हैं।
6	एमईपीसी 73/7/11	अर्जेन्टीना, ब्राजील, चीन, भारत, इन्डोनेशिया और फिलीपीन्स	31 अगस्त 2018	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाना	चौथे आईएमओ जीएचजी अध्ययन हेतु तैयारी पर एमईपीसी 73/7 के प्रलेखन अनुलग्नक पर टिप्पणियां इस प्रलेख में चौथे आईएमओ जीएचजी अध्ययन हेतु तैयारी पर एमईपीसी 73/7 प्रलेखन संबंधी टिप्पणियां दी गई हैं.
एमईपीसी 74		**2019**			
1	एमईपीसी 74/5/22	ब्राजील, चीन, भारत, और लाइबेरिया	8 मार्च, 2019	वायु प्रदूषण और ऊर्जा दक्षता	बहुत बड़े बल्क वाहकों हेतु ईईडीआई इस प्रलेख में बहुत बड़े बल्क वाहक पोत प्रकार हेतु ईईडीआई संदर्भ लाइन मानदंडों के संबंध में मारपोल अनुलग्नक VI के विनियम 21.3 में संशोधनों हेतु प्रस्ताव की रूपरेखा दी गई है।
2	एमईपीसी 74/5/20	बहामास, कनाडा, भारत,	8 मार्च, 2019	वायु प्रदूषण और ऊर्जा दक्षता	मारपोल अनुलग्नक VI के विनियम 18 का अभिवर्धित कार्यान्वयन: डाटा संग्रहण और विश्लेषण के लिए प्रस्तावित योजना

		जापान, लाइबेरिया, मार्शल द्वीप समूह, पनामा, यूनाइटेड स्टेट्स, बिमको, आईसीएस, इन्टरकार्गो और इन्टरटैंको			एमईपीसी 73 द्वारा दिए गए आमंत्रण के उत्तर में, इस प्रलेख में आईएमओ ग्लोबल इन्टीग्रेटेड शिपिंग इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएसआईएस) डाटाबेस और डाटा विश्लेषण हेतु कार्यनीति की स्थापना के संस्तुत अभिवर्धनों के माध्यम से डाटा संग्रहण तथा विश्लेषण योजना हेतु पूरी तरह से विकसित प्रस्ताव निहित है।
3	एमईपीसी 74/5/21	बहामास, लाइबेरिया, मार्शल द्वीप समूह, पनामा, यूनाइटेड स्टेट्स, बिमको, आईसीएस, इन्टरकार्गो और इन्टरटैंको	8 मार्च, 2019	वायु प्रदूषण और ऊर्जा दक्षता	मारपोल अनुलग्नक VI के विनियम 18 के अभिवर्धित कार्यान्वयन के संबंध में एमईपीसी परिपत्र इस प्रलेख में समिति द्वारा विचार किए जाने हेतु एक मसौदा एमईपीसी परिपत्र दिया गया है जो कि मारपोल अनुलग्नक VI के संबंध में आईएमओ ग्लोबल इन्टीग्रेटेड शिपिंग इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएसआईएस) मॉड्यूल में डाटा की जानकारी प्रदान किए जाने के संबंध में प्रलेख एमईपीसी 74/5/20 में दिए गए प्रस्तावों से जुड़ा है।

4	एमईपीसी 74/10/1	भारत	20 मार्च 2019	प्रदूषण रोकथाम और प्रत्युत्तर	गैर-अनुपालक ईंधन तेल का समाधान करने के लिए आकस्मिक उपायों पर मार्गदर्शन इस प्रलेख में गैर-अनुपालक ईंधन तेल का समाधान करने हेतु आकस्मिक उपायों पर अंतरिम मार्गदर्शन जारी किए जाने, एफओएनआर के साथ अनुपालन वाले ईंधन तेल की अनुपलब्धता की दशा में पोत पर गैर-अनुपालक शेष ईंधन तेल को निपटाने के मामले का समाधान किए जाने के प्रस्ताव है।
एमईपीसी 75		**2021**			
1	एमईपीसी 76/आईएनएफ.32	भारत	7 अप्रैल 2021	समिति और अनुषंगी निकायों का कार्य संबंधी कार्यक्रम	पोत परिवहन के कारण होने वाली आवाज को परिवेश से घटाने का मूल्यांकन - एक नया परिप्रेक्ष्य पोत परिवहन के कारण होने वाली आवाज के खतरे की वजह से समुद्री पारिस्थितिक जीवन तंत्र को आने वाली आवाज से परेशानी होती है, यह सुविदित है। इस बात पर वैश्विक स्तर पर भारी ध्यान दिया गया है और सभी की सातत्यपूर्ण बढ़ोतरी हेतु लक्ष्य बनाकर अनुसंधान किए जा रहे हैं। इस प्रलेख में प्रयास किया गया है कि आवाज को घटाए जाने के स्थल विशिष्ट के मूल्यांकन हेतु नए प्रस्तावित साधनों और आवाज को घटाए जाने की सीमा की दृष्टि से अत्यधिक आवाज वाली जगहों की पहचान कर हिन्द महासागर क्षेत्र (आईओआर) में एकॉस्टिक हैबिटैट डिग्रेडेशन के मुद्दे के परिप्रेक्ष्य

					सामने लाए जाएं। इसमें आईओआर से लिए गए डाटा के आधार पर अन्डरवॉटर डोमेन अवेयरनैस (यूडीए) पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया है।
2	एमईपीसी 76/7/20	अर्जेन्टीना, ब्राजील, चिली, चीन, इक्वाडोर, भारत, इन्डोनेशिया, मोरक्को, सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात	7 अप्रैल 2021	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाना	इन्टरनेशनल मैरीटाइम रिसर्च एन्ड डिवैल्पमेन्ट बोर्ड (आईएमआरबी) स्थापित करने के लिए प्रस्ताव पर टिप्पणियां इस प्रलेख में अपने अधिदेश, प्रयोजन और संगत प्रणाली के संबंध विशेष में इन्टरनेशनल मैरीटाइम रिसर्च एन्ड डिवैल्पमेन्ट बोर्ड (आईएमआरबी) स्थापित करने के लिए प्रस्ताव पर टिप्पणियां दी गई हैं।
3	एमईपीसी 76/7/10	ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, क्रोएशिया, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, घाना, भारत,	10 मार्च, 2021	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाना	आरंभिक आईएमओ जीएचजी कार्यनीति का फोलो अप करने के लिए मध्य और दीर्घ कालिक उपायों को विकसित करने के लिए कार्य योजना का प्रस्ताव इस प्रलेख में पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों की कमी पर आरंभिक आईएमओ जीएचजी कार्यनीति अनुसरण में, मध्य और दीर्घ कालिक

		जमैका, जापान, लाइबेरिया, मेक्सिको, मोरक्को, नॉर्वे, पनामा, कोरिया गणराज्य, सिंगापुर, स्पेन, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड स्टेट्स और वनूआतू			उपायों को विकसित करने के लिए कार्य योजना का प्रस्ताव है। इसमें समिति को आमंत्रित किया गया है कि वह एमईपीसी 76 में इस कार्य योजना को अनुमोदित करे।
4	एमईपीसी 76/7/32	भारत	7 अप्रैल 2021	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाना	जैव ईंधन मिश्रणों को प्रयोग में लाने वाले विद्यमान इंजनों हेतु एनओएक्स अनुपालन के परीक्षण मारपोल अनुलग्नक VI विनियम 3.2 में ''पोत उत्सर्जन में कमी लाने और नियंत्रण प्रौद्योगिकी अनुसंधान''को किए जाने हेतु प्रावधान निहित हैं। भारत ने उक्त प्रावधान का उपयोग इस लक्ष्य से किया है

					कि एनओएक्स उत्सर्जन पर जानकारी एकत्र की जाए जो कि विद्यमान पोतों के डीज़ल इंजनों में प्रयुक्त जैवडीज़ल मिश्रणों से होता है। चूंकि पोत पर जांच तलों की पर्यावरणीय स्थितियों को लाया जा पाना कठिन होता है इसलिए एनओएक्स मापन का कार्य एलएसएचएसडी (लो सल्फर हाई स्पीड डीज़ल) और जैवडीज़ल मिश्रणों हेतु समरूपी पर्यावरणीय स्थितियों में किया गया और इनके परिणामों की तुलना की गई। विनियम 3.2 के अंतर्गत प्राप्त परिणामों से एसएलएचएसडी (आईएसओ 8217 के अनुसार डीएम ग्रेड) की तुलना में ऐसे जैवडीज़ल मिश्रणों से एनओएक्स उत्सर्जन के प्रभाव का वास्तविक प्रमाण मिलता है।
5	एमईपीसी 76/7/59	भारत	21 अप्रैल, 2021	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाना	एमईपीसी 76/74 प्रलेख पर टिप्पणियां इस प्रलेख में उदाहरण के लिए स्पीड-पावर वक्र रेखाचित्र दिया गया है जो कि हितधारकों द्वारा ईईएक्सआई मार्गदर्शी सिद्धांतों की स्पष्ट समझ और एकरूपी कार्यान्वयन हेतु ऊर्जा दक्षता विद्यमान पोत संसूचक (ईईएक्सआई) के सर्वेक्षण और प्रमाणन पर मसौदा दिशानिर्देशों में प्राप्त किए गए ऊर्जा दक्षता विद्यमान पोत संसूचक (ईईएक्सआई) की गणना के तरीके पर मसौदा दिशानिर्देशों के परिच्छेद 2.2.3.4 के दायरे के अंतर्गत आने वाले पूर्व-ईईडीआई पोतों को दर्शाता है।

प्रस्तुत किए गए कुल पेपर	**व्यक्तिगत + सह प्रायोजित**	**24+21**	**=45**

एचटीडबल्यू सत्र में भारत के सभी पेपर

क्र.सं.	प्रलेख संख्या	प्रस्तुतकर्ता	प्रस्तुत करने की तारीख	कार्यसूची मद	कार्यसूची का सारांश
एचटीडबल्यू 5		**2018**			
1	एचटीडबल्यू 5/5/2	भारत	11 मई 2018	एसटीसीडबल्यू संहिता, खंड बी-1/2 हेतु मार्गदर्शन	एसटीसीडबल्यू संहिता की तालिका बी-1/2 के प्रस्तावित संशोधन इस प्रलेख में एसटीसीडबल्यू संहिता की तालिका बी-1/2 को संशोधित करने के लिए एक प्रस्ताव निहित है ताकि पक्षों, प्रशासनों, पत्तन राष्ट्र नियंत्रण प्राधिकरणों, मान्यता प्राप्त संगठनों और यथा संशोधित, एसटीसीडबल्यू कन्वेन्शन 1978 की प्रमाणन अपेक्षाओं से संगत अन्य पक्षों का बेहतर मार्गदर्शन हो सके।
2	एचटीडबल्यू 5/15/2	भारत	11 मई 2018	कोई अन्य कार्य	निकट तटीय समुद्री यात्राओं में लगे 750 किवा प्रणोदन शक्ति या अधिक वाली इंजीनियरिंग वॉच के प्रभारी अधिकारी हेतु प्रणोदन शक्ति की सीमा

					इस प्रलेख में उप-समिति पर विचार करने की बात कही गई है, भारत की ओर से एसटीसीडबल्यू संहिता के खंड ए-3 की अपेक्षाओं को तर्कपूर्ण किए जाने हेतु एक प्रस्ताव है।
3	एचटीडबल्यू 5/15/7	भारत	11 मई 2018	कोई अन्य कार्य	हाई-वोल्टेज अपेक्षा में प्रशिक्षण हेतु प्रमाणपत्रों पर सीमा के लिए प्रस्ताव इस प्रलेख में, उप-समिति पर विचार करने के लिए कहा गया है, यथा संशोधित एसटीसीडबल्यू कन्वेन्शन, 1978 के खंड ए/3 में हाई-वोल्टेज तत्वों हेतु अपेक्षा को तर्कपूर्ण करने हेतु भारत का प्रस्ताव है।
एचटीडबल्यू 6		**2019**			
1	एचटीडबल्यू 6/5	भारत	22 फरवरी 2019	एसटीसीडबल्यू संहिता, खंड बी-1/2 हेतु मार्गदर्शन	पत्राचार समूह की रिपोर्ट इस प्रलेख में एसटीसीडबल्यू संहिता की तालिका बी-1/2 के संशोधनों पर पत्राचार समूह की रिपोर्ट दी गई है।
प्रस्तुत किए गए कुल पेपर		**अलग-अलग और + सह प्रायोजित**	**04+00**	**=04**	

एमएससी सत्र में भारत के सभी पेपर

क्र.सं.	प्रलेख संख्या	प्रस्तुतकर्ता	प्रस्तुत करने की तारीख	कार्यसूची मद	कार्यसूची का सारांश
एमएससी 94		**2014**			
1	एमएससी 94/14/2	भारत	19 अगस्त 2014	पोतों पर समुद्री दस्युता और सशस्त्र लूटपाट	"प्लवमान शस्त्रागार''विनियमन इस प्रलेख में "प्लवमान शस्त्रागार''को विनियमित करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों को विकसित किए जाने हेतु तत्काल आवश्यकता और ''प्लवमान शस्त्रागार''के रूप में प्रयोग किए जा रहे वाणिज्य पोतों के उभरते मुद्दे पर बातचीत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।
एमएससी 96		**2016**			
1	एमएससी 96/23/8	भारत	09 फरवरी 2016	समुद्रीय क्षेत्र में आईआरएनएसएस को लागू किए जाने पर नए आउटपुट हेतु प्रस्ताव	इस प्रलेख में विश्वव्यापी रेडियोनेवीगेशन प्रणाली (डबल्यूडबल्यूआरएनएस) के भावी घटक के तौर पर भारतीय क्षेत्रीय नेवीगेशन उपग्रह प्रणाली (आईआरएनएसएस) को मान्यता प्रदान किए जाने और पोत जनित आईआरएनएसएस ग्राही उपकरण हेतु निष्पादन मानकों को विकसित करने के लिए समिति की द्वैवार्षिक कार्यसूची में नए आउटपुट को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है।

2	एमएससी 96/7/7	भारत	22 मार्च, 2016	अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यात्राओं में लगे जलयानों पर 12 से अधिक औद्योगिक कार्मिकों को ले जाए जाने हेतु सुरक्षा मानकों का समाधान करने हेतु अनिवार्य संलेख और/या प्रावधान	एसडीसी 3 की रिपोर्ट पर टिप्पणियां इस प्रलेख में एसडीसी 3/डबल्यूपी.7 प्रलेख में दिए गए विकल्पों और अन्तरराष्ट्रीय समुद्री यात्राओं पर औद्योगिक कार्मिकों को ले जाने के संबंध में एसडीसी 3 की रिपोर्ट पर टिप्पणियां दी गई हैं और अनिवार्य संलेख हेतु मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक संभावित पथ प्रस्तावित है। इस आउटपुट में निर्णय करते समय निश्चित घटकों पर विचार करने के लिए समिति का ध्यान आमंत्रित है।
एमएससी 97		**2016**			
1	एमएससी 97/19/11 19 अगस्त 2016	भारत	19 अगस्त 2016	कार्य संबंधी कार्यक्रम	एक नए आउटपुट के तौर पर, "प्लवमान शस्त्रागार"हेतु एक अन्तरराष्ट्रीय विनियामक ढांचे को विकसित किए जाने हेतु प्रस्ताव इस प्रलेख में आईएमओ से यह विचार करने के लिए कहा गया है कि हाल ही में (2012) के आईएसओ-पीएएस (सार्वजनिक रूप से स्वीकार्य मानक) 28007, के रूप में, मानकीकरण (आईएसओ) हेतु अंतर्राष्ट्रीय संगठन के माध्यम से आईएमओ द्वारा निरूपित निजी समुद्रीय सुरक्षा कंपनियों (पीएमएससी) और निजी तौर पर संविदा आधार पर सशस्त्र सुरक्षा कार्मिकों (पीसीएएसपी) पर मार्गदर्शी सिद्धांतों के समरूपी, प्लवमान

					शस्त्रागारों को विनियमित करने के लिए वैश्विक मार्गदर्शी सिद्धांतों को विकसित करे।
एमएससी 98		**2017**			
1	एमएससी 98/4/4	भारत	18 अप्रैल 2017	आईएमओ संलेखों पर जल्द कार्यान्वयन / लागू होना	एमएससी 98/4 और एमएससी 98/4/3 प्रलेखों पर टिप्पणियां - अनिवार्य अपेक्षाओं के जल्द कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर विचार इस प्रलेख में प्रलेख एमएससी 98/4 में दी गई कानूनी सलाह और प्रलेख एमएससी 98/4/3 में दिए गए प्रस्तावों पर टिप्पणियां की गई हैं; इस बात को ध्यान में रखा गया है कि सदस्य राष्ट्र लेखा परीक्षाओं के दौरान चिन्हित कानूनी मुद्दों के चार-वर्ष का चक्र सदस्य राष्ट्रों के लिए लाभकारी होगा, प्रस्ताव है कि 1974 सोलास कन्वेन्शन में सभी संशोधन एमएससी.1/परिपत्र 1481 में दिए अनुसार, चार साल के चक्र के अनुसरण में किए जाएं और उनके जल्द कार्यान्वयन के लिए परिपत्रों से, यथा संभव, बचा जाए; और इस संबंध में, सुझाया गया है कि

					एमएससी.1/परिपत्र 1481, यानी संशोधनों हेतु चार साल के चक्र, की प्रयोज्यता को विस्तार दिया जाए ताकि आईएमओ के अन्य कन्वेन्शनों को कवर किया जा सके।
2	एमएससी 98/15/2	भारत	7 मार्च 2017	पोतों पर समुद्री दस्युता और सशस्त्र लूटपाट	प्लवमान शस्त्रागारों के लिए प्रारूप मार्गदर्शी सिद्धांत प्रस्तावित हैं एमएससी 97 द्वारा दिए गए आमंत्रण के उत्तर में, इस प्रलेख में प्रस्ताव है कि प्लवमान शस्त्रागारों के लिए प्रारूप मार्गदर्शी सिद्धांत विकसित किए जाएं
एमएससी 99		**2018**			
1	एमएससी 99/20/3	ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, नॉर्वे, कोरिया गणराज्य, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, आईएएलए, आईएआईएन, आईएफएसएमए, आईएचएमए,	6 फरवरी 2018	कार्य संबंधी कार्यक्रम	जलयान यातायात सेवाओं हेतु मार्गदर्शी सिद्धांतों पर संकल्प ए.857 (20) के परिशोधन हेतु नए आउटपुट का प्रस्ताव इस प्रलेख में जलयान यातायात सेवाओं हेतु मार्गदर्शी सिद्धांतों पर संकल्प ए.857 (20) के परिशोधन के लिए नौचालन, संचार और खोज तथा बचाव पर उप-समिति हेतु नए आउटपुट का प्रस्ताव है। यह इसलिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि संकल्प आधुनिकीकृत/अद्यतित है और यह समान रूप से वैश्विक स्तर पर वीटीएस को कार्यान्वित करने के लिए एक स्पष्ट ढांचा उपलब्ध करवाते हुए निरंतर एक प्रभावी संलेख के तौर पर उपयोग में आ रहा है।

		और एनआई			
एमएससी 101	**2019**				
1	एमएससी 101/आईएनएफ.15	भारत	2 अप्रैल 2019	पोतों पर समुद्री दस्युता और सशस्त्र लूटपाट	सूचना संयोजन केन्द्र - हिन्द महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर) की स्थापना इस प्रलेख में समिति को भारत सरकार द्वारा सूचना संयोजन केन्द्र - हिन्द महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर) स्थापित किए जाने और इसके अधिदेश, सूचना विनिमय के साधनों और संगत हितधारकों के साथ भागीदारी के बारे में सूचित करना चाहा है।
2	एमएससी 101/18/3	भारत	29 मार्च 2019	पोतों पर समुद्री दस्युता और सशस्त्र लूटपाट	गीनिया की खाड़ी में सशस्त्र लूटपाट और अपहरण की घटनाएं इस प्रलेख में गीनिया की खाड़ी में सशस्त्र लूटपाट और अपहरण की घटनाओं के कारण वाणिज्य पोतों और समुद्रकर्मियों को होने वाले नुकसान के उभरते मुद्दों पर बातचीत किए जाने की आवश्यकता और गीनिया की खाड़ी में समुद्री दस्युता के उन्मूलन की दिशा में समन्वित अन्तरराष्ट्रीय प्रयासों के लिए एक संपर्क समूह को स्थापित करने की संस्तुति की आवश्यकता पर विचार किए जाने हेतु बल दिया गया है।
एमएससी 102		**2020**			
1	एमएससी	भारत	10 फरवरी	समुद्री स्वायत्त	एलएल 1966, एलएल पीआरओटी 1988, आईएस संहिता भाग ए और 3

	102/5/5		2020	तल पोतों (एमएएसएस) के प्रयोग हेतु विनियामक दायरे का प्रयोग	संहिता हेतु आरएसई के दूसरे चरण के परिणामों का सारांश इस प्रलेख में यथा संशोधित, भार रेखाओं पर अन्तरराष्ट्रीय कन्वेन्शन 1966 के प्रावधानों, इससे जुड़े 1988 के प्रोटोकॉल, इन्टैक्ट स्टेबिलिटी कोड के भाग ए, और आईएमओ संलेख कार्यान्वयन संहिता हेतु विनियामक दायरे को प्रयोग में लाए जाने के परिणामों को प्रस्तुत किया गया है।
प्रस्तुत किए गए कुल पेपर		**अलग-अलग और सह प्रायोजित**	**09+01**	**=10**	

<u>पीपीआर सत्र में भारत के सभी पेपर</u>

क्र.सं.	**प्रलेख संख्या**	**प्रस्तुतकर्ता**	**प्रस्तुत करने की तारीख**	**कार्यसूची मद**	**कार्यसूची का सारांश**
पीपीआर 6		**2019**			
1	पीपीआर 6/8/4	ब्राजील, भारत और पनामा	14 दिसंबर 2018	मारपोल अनुलग्नक 6 के विनियम	मारपोल अनुलग्नक 6 के विनियम 14.1 के अंतर्गत अनुपालन से इतर ईंधन तेल को ले जाए जाने पर निषेध के संबंध में प्रलेख पीपीआर 6/8

				14.3 का सतत कार्यान्वयन	पर टिप्पणियां इस प्रलेख में एफओएनएआर के परिदृश्य में यथानुपालन ईंधन तेल की अनुपलब्धता की दशा में पोत पर अनुपालन से इतर ले जाए जा रहे शेष ईंधन तेल को निपटाए जाने के लिए दो संभावित कार्रवाइयां सुझाई गई हैं
2	पीपीआर 6/8/6	भारत, जमैका, लाइबेरिया और आईबीआईए	28 दिसंबर 2018	मारपोल अनुलग्नक 6 के विनियम 14.1.3 का सतत कार्यान्वयन	सल्फर की सीमाओं के अनुपालन के सत्यापन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत इस प्रस्तुति में प्रलेख पीपीआर 6/8 पर टिप्पणियां की गई हैं और सल्फर सत्यापन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांतों संबंधी मुद्दों को इंगित किया गया है, जिन्हें वर्ष 2020 से पहले स्पष्ट रूप से हल किया जाना है, क्योंकि प्रस्तावित विनियामक, जो संशोधन मारपोल अनुलग्नक 6 के विनियम 14.1.3 के सतत कार्यान्वयन में सहायक हैं, वह 2020 के बाद डेढ़ साल तक प्रभावी नहीं होंगे।
पीपीआर 8		**2021**			
1	पीपीआर 8/7/8	भारत, जापान, लाइबेरिया, पलाऊ, पनामा, कोरिया	28 जनवरी 2021	जल-मल निकासी उपचार संयंत्रों के जीवनकालिक निष्पादन की पुष्टि करने के	प्रलेख पीपीआर 8/7 पर टिप्पणियां इस प्रलेख में मारपोल अनुलग्नक 4 के संशोधनों और इससे जुड़े मार्गदर्शी सिद्धांतों (पीपीआर8/7) पर पत्राचार समूह की रिपोर्ट पर टिप्पणियां दी गई हैं। सह-प्रायोजकों का प्रस्ताव है कि विद्यमान पोतों पर संस्थापित जल-मल निकासी उपचार संयंत्रों से नि:सृत की गुणवत्ता को सुधारने हेतु

		गणराज्य, सीएलआईए , बिमको और आईसीएस		अभिलेख रखे जाने और उपायों हेतु प्रावधानों को लागू करने के लिए मारपोल अनुलग्नक 4 और इससे जुड़े मार्गदर्शी सिद्धांतों का परिशोधन	ठोस उपायों पर आगे की बातचीत के लिए पत्राचार समूह को फिर से स्थापित किया जाए।
प्रस्तुत किए गए कुल पेपर		**अलग-अलग और सह प्रायोजित**	**00+03**	**=03**	

आईएसडबल्यूजी-जीएचजी सत्र में भारत के सभी पेपर

क्र.सं.	प्रलेख संख्या	प्रस्तुतकर्ता	प्रस्तुत करने की तारीख	कार्यसूची मद	कार्यसूची का सारांश
आईएसडबल्यूजी-जीएचजी2		**2017**			
1	आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 2/2/5	अर्जेन्टीना, चीन, भारत, फिलीपीन्स और सउदी अरब	22 सितंबर 2017	संरचना को और आगे विकसित करना तथा पोतों से उत्सर्जित होने वाली जीएचजी को घटाने पर आईएमओ की आरंभिक कार्यनीति के प्रारूप के मूल तत्वों को पहचानना	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाने पर आईएमओ की आरंभिक कार्यनीति को विकसित करने का प्रस्ताव इस प्रलेख में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को घटाने के लिए आईएमओ की आरंभिक कार्यनीति सहज हो, लंबे समय तक चलने वाली हो और तत्काल कार्रवाइयों को किए जाने को प्रोत्साहित करने वाली हो। तदनुसार, 2018 में सफलतापूर्वक आरंभिक कार्यनीति अंगीकार करने के लिए आईएमओ हेतु कार्यनीति के संभावित तत्वों को सह प्रायोजक की दृष्टि से बताया गया है। इस प्रलेख के अनुलग्नक में, आईएमओ की आरंभिक कार्यनीति और वर्ष 2023 से पहले किए जाने वाले कार्य पर प्रारंभिक प्रस्ताव दिए गए हैं।

2	आईएसडबल्यू-जीएचजी 2/2/6	अर्जेन्टीना, चीन, भारत और फिलीपीन्स	22 सितंबर 2017	संरचना को और आगे विकसित करना तथा पोतों से उत्सर्जित होने वाली जीएचजी को घटाने पर आईएमओ की आरंभिक कार्यनीति के प्रारूप के मूल तत्वों को पहचानना	अंतर्राष्ट्रीय पोत परिवहन से उत्सर्जित जीएचजी में कमी लाने के लिए सदस्य राष्ट्रों द्वारा राष्ट्रीय कार्य योजनाओं को विकसित किया जाना इस प्रलेख में पोतों से उत्सर्जित जीएचजी में कमी लाने पर आईएमओ कार्यनीति को विकसित किए जाते समय विचार किए जाने हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना में निहित किए जाने वाली संभावित गतिविधियों और प्रत्याशित निर्गम यानी आउटपुट की सूची प्रस्तुत की गई है. इसमें इस बात को रेखांकित किया गया है कि सदस्य राष्ट्रों को राष्ट्रीय कार्य योजना प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाना किसी भी तरह से एकतरफा कार्रवाइयां किए जाने को प्रोत्साहित करना नहीं है। बल्कि, इसमें वैश्विक कार्रवाइयों से परे अनुपूरक और अतिरिक्त योगदान दिए गए हैं, जैसे विद्यमान आईएमओ संलेखों के कार्यान्वयन को बढ़ावा देना, अधिक हितधारियों को शामिल किया जाना, आवश्यक नहीं कि वे आईएमओ द्वारा ही कवर होते हों, संसाधनों को साथ लेकर आना और निवेश को प्रोत्साहित करना, तथा उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ तकनीकों और रीतियों की पहचान करना।
3	आईएसडबल्यू जी-जीएचजी 2/2/7	अर्जेन्टीना, चीन, भारत और फिलीपीन्स	22 सितंबर 2017	संरचना को और आगे विकसित करना तथा पोतों से उत्सर्जित होने	पोतों की प्रचालनात्मक ऊर्जा दक्षता की विशेषताओं पर सांख्यिकीय विश्लेषण और संभावित संसूचक की गिरती दशा को दर्शाने वाली लाइनों की स्थितियां

				वाली जीएचजी को घटाने पर आईएमओ की आरंभिक कार्यनीति के प्रारूप के मूल तत्वों को पहचानना	इस प्रलेख में पोतों की ऊर्जा दक्षता और संभावित संसूचक की गिरती लाइनों की स्थितियों की विशेषताओं पर सह-प्रायोजकों द्वारा सांख्यिकीय विश्लेषण से पता चली मुख्य बातों को दिया गया है। परिणामों से पता चलता है कि ईईडीआई अपेक्षा प्रणाली का दृष्टिकोण ''संदर्भ लाइन - कमी की दर'' अलग-अलग पोतों की प्रचालनात्मक ऊर्जा दक्षता हेतु मूल्यांकन या लक्ष्य निर्धारित करने के लिए हो सकता है कि प्रयोजनीय नहीं हो, फिर भी, अंतर्राष्ट्रीय पोत परिवहन के सेक्टर या खंडों में समग्र औसत निष्पादन को मूल्यांकित करने की इसमें संभावना निहित है। तीन चरणों वाले दृष्टिकोण में पोतो से उत्सर्जित जीएचजी में कमी लाने पर और अधिक सूचित प्रगति करने की दृष्टि से पहले से अपनाई गई आईएमओ डाटा संग्रहण प्रणाली के माध्यम से बने डाटा के आधार पर और गहन अध्ययनों का प्रस्ताव है।
4	आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 2/2/10	अंगोला, अर्जेन्टीना, ब्राजील, एक्वाडोर, भारत और पेरू	22 सितंबर 2017	संरचना को और आगे विकसित करना तथा पोतों से उत्सर्जित होने वाली जीएचजी को घटाने पर आईएमओ की आरंभिक कार्यनीति के	पोतों से जीएचजी उत्सर्जनों को कम करने पर आरंभिक कार्यनीति इस प्रलेख में आरंभिक आईएमओ ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) की कार्यनीति हेतु प्रारूप पाठ हेतु तत्व प्रस्तावित हैं और आगे इन प्रस्तावों को एमईपीसी 71/76 और आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 1/2/8 प्रलेखों में विकसित किया गया है।

				प्रारूप के मूल तत्वों को पहचानना	
आईएसडबल्यूजी-जीएचजी3		**2018**			
1	आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 3/2/12	अर्जेन्टीना, ब्राजील, भारत और सउदी अरब	16 फरवरी 2018	पोतों से जीएचजी उत्सर्जन को कम करने पर आरंभिक आईएमओ कार्यनीति के प्रारूप को अंतिम रूप दिया जाना	प्रलेख आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 3/2 पर टिप्पणियां इस प्रलेख में आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 3/2 प्रलेख में टिप्पणियां और संशोधनों पर प्रस्ताव दिए गए हैं।
आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 4		**2018**			
1	एसडबल्यूजी-जीएचजी 4/2/12	अर्जेन्टीना, ब्राजील, चीन, भारत, इन्डोनेशिया और फिलीपीन्स	31 अगस्त 2018	पोतों से उत्सर्जित होने वाली जीएचजी को घटाने पर आईएमओ की	परिशोधित कार्यनीति के प्रति फोलो-अप कार्रवाइयों पर विचार इस प्रलेख में विचार दिए गए हैं कि किस तरह से उत्सर्जन अनुमानों से जुड़ी अनिश्चितताओं को कम करने और चौथे जीएचजी अध्ययन के परिदृश्यों तथा राष्ट्रों पर उनके द्वारा किए गए उपायों के असर पर

				आरंभिक कार्यनीति की फोलो-अप कार्रवाइयों के कार्यक्रम का विकास	बल देते हुए आरंभिक कार्यनीति की फोलो-अप कार्रवाइयों के कार्यक्रम की प्रगति कैसे की जाए। इसमें एक अनुलग्नक दिया गया है जिसमें प्रस्तावित तकनीकी कार्य हेतु समय सीमाएं दी गई हैं।
आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 5		**2019**			
1	आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 5/2/3	ब्राजील और भारत	22 मार्च 2019	राष्ट्रों पर प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए ठोस प्रस्तावों पर विचार किया जाना	राष्ट्रों पर उपायों के असर का मूल्यांकन करने हेतु प्रक्रिया का प्रस्ताव और लागत-प्रभावी तरीके पर विचार इस प्रलेख में चार चरणों वाली प्रक्रिया दी गई है, ताकि राष्ट्रों पर जीएचजी घटाने के उपाय वाले अभ्यर्थी के असर का मूल्यांकन और इसका समाधान किया जा सके. इसमें लागत प्रभावी विश्लेषण पर आधारित टूल वाले तरीके पर भी विचार दिए गए हैं जिस पर प्रभाव मूल्यांकनों को किए जाने हेतु संभावित दृष्टिकोण के तौर पर समिति द्वारा विचार किया जाए।
आईएसडबल्यूजी-जीएचजी6		**2019**			
1	आईएसडबल्यू	बहामास, चिली,	27 सितंबर	मारपोल अध्याय	पोत ऊर्जा दक्षता प्रबंधन योजना (एसईईएमपी) को सुदृढ़

	जी-जीएचजी 6/2/6	लाइबेरिया, भारत, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, आईसीएस, आईपीटीए और आरआईएनए	2019	4 के अनुलग्नक 6 और इससे जुड़े समुचित मार्गदर्शी सिद्धांतों में प्रारूप संशोधनों को विकसित करने की दृष्टि से विद्यमान पोतों की प्रचालनात्मक ऊर्जा दक्षता को सुधारने के लिए ठोस प्रस्तावों पर आगे विचार किया जाना	करने के लिए अनिवार्य संशोधनों का एमईपीसी 75 द्वारा अनुमोदन हेतु प्रस्ताव इस प्रलेख में आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 6 द्वारा तत्काल विचार किए जाने के लिए अल्पकालिक उपाय हेतु ठोस प्रस्ताव निहित है, जो कि एमईपीसी 75 में अनुमोदन से पहले आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 7 में अंतिम रूप दिए जाने के संबंध में है। इस प्रस्ताव का मर्म, जो कि अन्य प्रस्तावों के तत्वों को शामिल किया जाना है, इसके अनिवार्य तौर पर बाह्य लेखापरीक्षण, या तो आईएसएम कोड के अंतर्गत या फिर आईईईसी सर्वेक्षण व्यवस्था, के द्वारा इसमें संशोधन करके एसईईएमपी को सुदृढ़ किया जाना है। सह-प्रायोजकों ने सदस्य राष्ट्रों पर इसके असर का मूल्यांकन किया है और पता लगाया है कि 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस उपाय के भारी योगदान के बावजूद, कोई बेमेल असर नहीं होंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रस्तावित उपाय को तुरंत कार्यान्वित किया जाए, इस प्रलेख में आईएसडबल्यूजी-जीएचजी6 द्वारा की जाने वाली अन्य कार्रवाइयां भी इसमें सुझाई गई हैं।
2	आईएसडबल्यू जी-जीएचजी	अर्जेन्टीना, ब्राजील, चीन, भारत, सउदी	27 सितंबर 2019	अन्तरराष्ट्रीय पोत परिवहन से	सदस्य राष्ट्रों को राष्ट्रीय कार्य योजनाएं प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रारूप एमईपीसी संकल्प का

	6/4	अरब, सिंगापुर और आईएपीएच		उत्सर्जित जीएचजी को घटाने और इससे जुड़े यथोचित मार्गदर्शी सिद्धांतों को विकसित करने में योगदान देने के विचार से स्वैच्छिक राष्ट्रीय कार्य योजना को विकसित और अद्यतित करने के लिए सदस्य राष्ट्रों द्वारा प्रारूप एमईपीसी संकल्प पर विचार किये जाने के लिए कहना	प्रस्ताव एमईपीसी 74 में आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 6 के लिए कहा गया है कि अन्तरराष्ट्रीय पोत परिवहन से होने वाले जीएचजी उत्सर्जनों को घटाने में योगदान देने की दृष्टि से स्वैच्छिक राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी) को विकसित करने और इसे अद्यतित किए जाने के लिए सदस्य राष्ट्रों से प्रारूप एमईपीसी संकल्प पर विचार करने का अनुरोध है। इस दस्तावेज़ में सदस्य राष्ट्रों को राष्ट्रीय कार्य योजनाएं प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रारूप एमईपीसी संकल्प का प्रस्ताव किया गया है।

आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 7		**2020**			
1	आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 7/2/16	भारत, लाइबेरिया, पनामा, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, आईसीएस, और आरआईएनए	7फरवरी 2020	मारपोल अध्याय 4 के अनुलग्नक 6 और इससे जुड़े समुचित मार्गदर्शी सिद्धांतों में प्रारूप संशोधनों को विकसित करने की दृष्टि से विद्यमान पोतों की प्रचालनात्मक ऊर्जा दक्षता को सुधारने के लिए ठोस प्रस्तावों पर आगे विचार किया जाना	लक्ष्य-आधारित प्रचालनात्मक उपाय हेतु प्रस्ताव इस प्रलेख में पोतों से होने वाले जीएचजी उत्सर्जनों को घटाने के लिए लक्ष्य-आधारित प्रचालनात्मक और तकनीकी उपायों पर आधारित, आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 7 द्वारा तत्काल विचार किए जाने के लिए अल्पकालिक उपाय हेतु एक ठोस प्रस्ताव निहित है। यह उपाय आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 6 में पहले ही विचार किए गए प्रस्तावों पर आधारित है और यह ऊर्जा दक्षता विद्यमान पोत संसूचक (ईईएक्सआई) ओर कार्बन इन्टेन्सिटी इन्डीकेटर (सीआईआई) दृष्टिकोणों का पूरक होगा। इस तरह, इससे एक सकारात्मक और महत्वाकांक्षी पथ प्रशस्त होता है जिससे कि इस पर तुरंत ही सहमत हुआ जा सकेगा और इसे अंतिम रूप दिया जा सकेगा तथा 2023 तक इसका कार्यान्वयन हो सकेगा।

2	आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 7/2/26	चीन, क्रोएशिया, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, घाना, भारत, इटली, जापान, मलेशिया, नाइजीरिया, नॉर्वे, कोरिया गणराज्य	18 सितंबर 2020	मारपोल अध्याय 4 के अनुलग्नक 6 और इससे जुड़े समुचित मार्गदर्शी सिद्धांतों में प्रारूप संशोधनों को विकसित करने की दृष्टि से विद्यमान पोतों की प्रचालनात्मक ऊर्जा दक्षता को सुधारने के लिए ठोस प्रस्तावों पर आगे विचार किया जाना	ईईएक्सआई, एसईईएमपी, सीआईआई और रेटिंग मैकेनिज्म के संयोजन में अनिवार्य लक्ष्य-आधारित तकनीकी और प्रचालनात्मक अल्पकालिक उपाय हेतु प्रस्ताव इस प्रलेख में आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 7/2/6, आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 7/2/9, आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 7/2/14 और आईएसडबल्यूजी-जीएचजी 7/2/21 प्रलेखों द्वारा प्रस्तुत उपायों को संयोजित करने के लिए एक प्रस्ताव निहित है।
प्रस्तुत किए गए कुल पेपर		**अलग-अलग + सहप्रायोजक**	**0+11**	**=11**	

आईएमओ की विभिन्न समितियों / उप-समितियों में भारत की ओर से प्रस्तुत किए गए पेपरों के विवरण

क्र. सं.	शीर्षक	कार्यसूची	विषय	समिति का नाम	प्रस्तुत करने की तारीख
1	III 1/9/2	आईएमओ संलेखों के कार्यान्वयन में पेश आने वाली कठिनाइयों का व्यापक विश्लेषण	भार रेखा पर अन्तरराष्ट्रीय कन्वेन्शन 1966 और 1988 के प्रोटोकॉल यथा संशोधित, द्वारा आशोधित के अंतर्गत मल्टीपल लोड लाइनों को जारी किए जाने हेतु प्रक्रियाओं में एकरूपता	आईएमओ संलेखों का कार्यान्वयन (आईआईआई)	23/05/2014
2	III1/9/3 आईएमओ संलेखों के कार्यान्वयन में पेश आने वाली कठिनाइयों का व्यापक विश्लेषण	आईएमओ संलेखों के कार्यान्वयन में पेश आने वाली कठिनाइयों का व्यापक विश्लेषण	अन्तरराष्ट्रीय भार रेखा प्रमाण पत्र के आरूप पर छूटों के बारे में सूचना	आईएमओ संलेखों का कार्यान्वयन (आईआईआई)	30/05/2014
3	एमएससी	अन्तरराष्ट्रीय समुद्री यात्राओं में लगे	एसडीसी 3 की रिपोर्ट पर टिप्पणियां	समुद्री सुरक्षा समिति	30/03/2016

	96/7/7	जलयानों पर 12 से अधिक औद्योगिक कार्मिकों को ले जाए जाने के लिए सुरक्षा मानकों का समाधान करने के लिए अनिवार्य संलेख और/या प्रावधान		(एमएससी)	
4	III/5/6	पत्तन राष्ट्र नियंत्रण (पीएससी) गतिविधियों और विश्वव्यापी प्रक्रियाओं को सुमेलित करने के लिए उपाय	ध्वज प्रशासनों और मान्यता प्राप्त संगठनों का निष्पादन	आईएमओ संलेखों का कार्यान्वयन (आईआईआई)	08/06/2016
5	एमएससी 97/6/7	अन्तरराष्ट्रीय समुद्री यात्राओं में लगे जलयानों पर 12 से अधिक औद्योगिक कार्मिकों को ले जाए जाने के लिए सुरक्षा मानकों का समाधान करने के लिए अनिवार्य संलेख और/या प्रावधान	एमएससी 97/6 प्रलेख पर टिप्पणियां	समुद्री सुरक्षा समिति (एमएससी)	10/10/2016
6	एसडीसी 4/9/1	2011 ईएसपी संहिता में संशोधन	एसडीसी 4/9 प्रलेख पर टिप्पणियां	पोत का डिजाइन और निर्माण (एसडीसी)	10/01/2017
7	एमएससी 98/4/4	आईएमओ संलेखों का जल्द कार्यान्वयन/लागू किया जाना	एमएससी 98/4 और एमएससी 98/4/3 प्रलेखों पर टिप्पणियां- अनिवार्य अपेक्षाओं के जल्द कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर विचार	समुद्री सुरक्षा समिति (एमएससी)	04/05/2017

8	एमएससी 102/5/5	समुद्री स्वायत्त तल पोतों (एमएएसएस) के प्रयोग हेतु विनियामक दायरे का प्रयोग	एलएल 1966, एलएल पीआरओटी 1988, आईएस संहिता भाग ए और 3 संहिता हेतु आरएसई के दूसरे चरण के परिणामों का सारांश	समुद्री सुरक्षा समिति (एमएससी)	28/02/2020
9	एलईजी 107/1/2	कार्यसूची मद 4	समुद्रकर्मियों को छोड़ दिए जाने के मामले में वित्तीय सुरक्षा का प्रावधान, और आईएलए समुद्री श्रम कन्वेन्शन 2005 के संशोधनों की प्रगति के आलोक में समुद्रकर्मियों को व्यक्तिगत रूप से चोट आने, या उनकी मृत्यु होने पर संविदागत दावे के संबंध में पोत स्वामी की जिम्मेदारियां	विधिक समिति	13/12/2019

*****